# अमेरिका ने माना, अफगानिस्तान के आधे जिलों पर तालिबान राज

**चेतावनी**

## लगता है विद्रोहियों ने सैनिकों की वापसी के बाद रणनीतिक शक्ति हासिल की



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अफगानिस्तान से अमेरिकी सेनाओं की वापसी के बाद तालिबान ने खूनी खेल तेज कर दिया है। अमेरिका के एक शीर्ष जनरल ने माना है कि तालिबान अब कुल 212 यानि अफगानिस्तान के 419 जिला केंद्रों में से आधे को नियंत्रित करता है। इसे देखते हुए लगता है कि विद्रोहियों ने अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद से रणनीतिक शक्ति हासिल कर ली है। उन्होंने कहा कि तालिबान अब देश के आबादी वाले इलाकों को अफगान सरकार से काटना चाहता है।

यूएस ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल मार्क मिले ने पेंटागन में में कहा, 'यह प्रतीत होता है कि तालिबान ने रणनीतिक तौर पर शक्ति हासिल कर ली है।' मिले ने कहा कि हम यह पता लगाने जा रहे हैं, कि वहां हिंसा किस स्तर पर हो रही है। क्या ये बढ़ने की आशंका है या पहले जैसी स्थिति है। क्या बातचीत के नतीजे अभी भी वहां संभावना है, तालिबान के अधिग्रहण की संभावना है (और) या किसी भी अन्य परिदृश्यों की संभावना है। उन्होंने अभी भी देश के तालिबान अधिग्रहण को रोकने के लिए अफगान बलों की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया।

**देश की 34 प्रांतीय राजधानियों में से किसी पर कब्जा नहीं:** उन्होंने कहा, 'दो सबसे महत्वपूर्ण लड़ाकू गुणक, वास्तव में, इच्छा और नेतृत्व है। यह अब अफगान लोगों, अफगान सुरक्षा बलों और अफगानिस्तान की सरकार की इच्छा और नेतृत्व की परीक्षा होने जा रही है।' उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि अंतिम खेल अभी हो गया है। एक नकारात्मक परिणाम, तालिबान का स्वतरू अधिग्रहण, एक पूर्व निष्कर्ष नहीं है। मिले ने कहा कि आतंकवादियों ने अभी तक देश की 34 प्रांतीय राजधानियों में से किसी पर कब्जा नहीं किया है, लेकिन वे उनमें से आधे पर दबाव बना रहे हैं। जनरल मार्क मिले ने कहा कि अफगान सुरक्षा बल काबुल सहित उन प्रमुख शहरी केंद्रों की सुरक्षा के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, श्वे जो करने की कोशिश कर रहे हैं वह प्रमुख जनसंख्या केंद्रों को अलग कर रहा है। वे काबुल के लिए भी ऐसा ही करने की कोशिश कर रहे हैं।'

तालिबान अब अफगानिस्तान के 419 जिला केंद्रों में से लगभग 212 को नियंत्रित करता है, मिले ने कहा, यह एक महीने पहले 81 जिला केंद्रों से एक महत्वपूर्ण छलांग थी। द हिल न्यूज वेबसाइट ने एक रिपोर्ट में कहा कि शीर्ष अमेरिकी जनरल ने तालिबान के हालिया लाभ के लिए अफगान बलों को केंद्र की रक्षा को मजबूत करने के लिए जिम्मेदार ठहराया। मिले ने कहा कि इसका एक हिस्सा यह है कि वे अपनी सेना को मजबूत करने के लिए जिला केंद्रों को छोड़ रहे हैं क्योंकि वे आबादी की रक्षा के लिए एक दृष्टिकोण अपना रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की कि की छुट्टी के लिए हिंसा में कमी के बाद, शेष गर्मी युद्ध के ज्वार के लिए निर्णायक हो सकती है।

## न्यूज डायरी



### पाकिस्तान में राइफल लेकर काम कर रहे हैं चीनी नागरिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिक बस हमले के बाद इतना डर गए हैं कि खुद ही एके–47 राइफल लेकर चल रहे हैं। चीन अपने शिंजियांग प्रांत को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से जोड़ने के लिए 60 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश कर रहा है। पाकिस्तानी सेना अशांत बलूचिस्तान में चीनी कामगारों को सुरक्षा देती है लेकिन बस हमले के बाद उसकी पोल खुल गई है। अब चीनी नागरिक पाकिस्तानी विद्रोहियों से खुद ही अपनी सुरक्षा करने के लिए असॉल्ट राइफल लेकर चल रहे हैं। चीनी नागरिकों के एके–47 से लेकर चलने की तस्वीरें इन दिनों वायरल हो रही हैं। पाकिस्तान ने चीनी प्रॉजेक्ट और नागरिकों की सुरक्षा के लिए 30 हजार जवानों को तैनात किया है लेकिन विद्रोही लगातार हमले कर रहे हैं। पिछले दिनों हुए बस हमले में नौ चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई थी। पाकिस्तानी सेना के कई जवान भी मारे गए थे।

### यूएई के उपराष्ट्रपति ने अपनी बेटी की पेगासस से कराई जासूसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। पश्चिमी देशों की खुली हवा में सांस लेने की तमन्ना रखने वाली संयुक्त अरब अमीरात की राजकुमारी लतीफा को उनके पिता शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मक्तूम ने कैद कर दिया था। यूएई के उपराष्ट्रपति मक्तूम की बेटी राजकुमारी लतीफा ने दोस्त की मदद से समुद्र के रास्ते भागने की कोशिश लेकिन भारत के गोवा तट के पास से उन्हें कमांडो उठा ले गए। इसका आरोप भारतीय नौसेना पर लगा था। अब इस मामले में ताजा खुलासा हुआ है कि राजकुमारी लतीफा का फोन नंबर भी पेगासस की जासूसी लिस्ट में शामिल था और माना जा रहा है कि इसी वजह से उनके फोन की लोकेशन अरब सागर में मिल गई। यही नहीं पेगासस की जासूसी सूची में लतीफा की सौतेली मां राजकुमारी हाया बिंत अल हुसैन का भी नंबर मिला है। राजकुमारी हाया ने भी यूएई से भागने की कोशिश की थी।

### जेफ बेजोस ने अंतरिक्ष यात्रा पर हर मिनट लुटाए 4 हजार करोड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टेक्सस। ऐमजॉन के संस्थापक जेफ बेजोस अंतरिक्ष में कदम रखने वाले सबसे अमीर शख्स बन गए। उनकी कंपनी Blue Origin ds New Shepard रॉकेट ने बेजोस को तीन यात्रियों के साथ के स्पेस में लॉन्च किया। करीब 10 मिनट धरती के बाहर स्पेस की सीमा में बिताने के बाद उनका कैप्सूल धरती पर लौट आया। यह अनुभव अपने आप में तो ऐतिहासिक था ही, इसकी कीमत से पता चलता है कि क्यों दुनिया के अरबपति ही इस तरह का कारनामा कर सकते हैं। डेलीमेल की एक रिपोर्ट के मुताबिक बेजोस के इस 10 मिनट के सफर की कीमत थी 5.5 अरब डॉलर यानी कम से कम 40 हजार करोड़ रुपये। इस पर हर मिनट 4 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

### तालिबान के दोस्त पाकिस्तान ने अफगान नेताओं को दी चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अफगानिस्तान में तालिबान आतंकियों की खुलकर मदद कर रहे पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने अब उल्टे भारत पर अस्थिरता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। कुरैशी ने कहा कि दुश्मन काबुल और इस्लामाबाद के संबंधों को नुकसान पहुंचाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अफगानिस्तान में सतत शांति को बढ़ावा दे रहा है और दुनिया ने इसे माना है लेकिन भारत इसे बिगाड़ने में लगा हुआ है जो पूरे इलाके की शांति को अस्थिर कर सकती है। कुरैशी ने मुल्तान में कहा कि अफगानिस्तान इस समय कठिन दौर से गुजर रहा है और इस जटिल मौके पर अपने राजदूत को बुलाने का फैसला उचित नहीं है। इससे पहले अफगान राजदूत की बेटी सिलसिला के अपहरण के बाद अफगानिस्तान ने अपने दूतावास के वरिष्ठ अधिकारियों को वापस बुलाने का फैसला किया था। करीब पांच घंटे तक सिलसिला को प्रताड़ित किया गया और उनकी हड्डियां तक तोड़ दी गई थीं।

# चीन के ग्लेशियर में मिले 28 नए वायरस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ल्हासा। बर्फ अपनी परतों में धरती के प्राचीन इतिहास के ऐसे कई राज दफन किए होती है जिनके बारे में इंसान को अंदाजा भी नहीं होता। ऐसा ही कुछ चीन में सामने आया है। वैज्ञानिकों को यहां एक ग्लेशियर में 33 वायरस के जेनेटिक कोड मिले हैं। इनमें से कम से कम 28 पहले कभी नहीं देखे गए। माना जा रहा है कि ये वायरस करीब 15 हजार साल पुराने हैं और बर्फीली चट्टान में ये रहने के कारण आज तक बचे रहे।

ये वायरस जेनेटिक कोड मिलने से वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि ऐसे ही दूसरे पर्यावरण में भी खोज की जा सकती है। आगे चलकर मंगल जैसे ग्रहों पर जीवन की खोज में भी मदद मिल सकती है। इस रिसर्च के सह–लेखक और ओहायो के माइक्रोबायोम सेंटर के निदेशक मैथ्यू सलिवन ने बताया है कि ये वायरस बेहद कठिन पर्यावरण में भी पनपते रहे। इनमें ऐसे जीन हो सकते हैं जो ऐसा करने में मदद करते हैं। इन जीन्स को खोजना मुश्किल होता है क्योंकि बर्फ से निकालने से लेकर स्टडी करने तक कई सावधानियां बरतनी पड़ती हैं। चीन में तिब्बत के पठारी इलाके से गूलिया आइस कैप पर आइस कोर लेकर उनका अनैलेसिस किया गया था। इनमें हर साल के पर्यावरण की प्रोफाइल मिलती है।



चीन के सबसे बड़े निरोध केंद्र में 10,000 लोगों के लिए जगह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दाबनचेंग (चीन)। चीन के सबसे बड़े और संभवतरू दुनिया के सबसे बड़े निरोध केंद्र में 10,000 लोगों को रखने की जगह बनाई गई है और जरूरत पड़ने पर इससे भी ज्यादा लोगों को यहां रखा जा सकता है। एजेंसी के पत्रकारों ने चीन के सुदूर पश्चिम शिनजियांग क्षेत्र में सरकारी दौरे के दौरान असाधारण पहुंच प्रदान की गई जहां उन्होंने इस निरोध केंद्र के कुछ हिस्सों को देखा। करीब 220 एकड़ में फैला हुआ उरुमकी नंबर तीन निरोध केंद्र वेटिकन सिटी के क्षेत्रफल से दोगुना है। इसके सामने लगे एक संकेत बोर्ड पर इसकी पहचान मुकदमे से पहले के निरोध केंद्र के रूप में की गई है।

# चीन के प्लांट में इतनी जोर हुआ धमाका लोगों को लगा फट गया परमाणु बम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। चीन में आई भयानक बाढ़ से एक के बाद एक हादसे होते जा रहे हैं। चीन के हेनान प्रांत में मेट्रो ट्रेन के अंदर पानी भरने का वीडियो सामने आया था और अब यहीं एक भयानक विस्फोट का भी वीडियो शेयर किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बाढ़ का पानी से एक प्लांट की दीवारें गिरने से इसमें ब्लास्ट हो गया। यह धमाका कितना भयानक था, इसका अंदाजा वीडियो से तो लगता ही है, इस बात से भी लगता है कि आसपास लोगों में परमाणु बम गिरने का खौफ बैठ गया।

जानकारी के मुताबिक हेनान

**ऐल्युमीनियम प्लांट में यह धमाका हुआ था**

प्रांत के एक ऐल्युमीनियम प्लांट में यह धमाका हुआ था। बारिश का पानी इसके एक हिस्से में पहुंच गया था जिससे सुबह 6 बजे यह धमाका हुआ। हालांकि, इससे पहले पास की यिंग नदी के बहाव को देखते हुए प्लांट सुबह 4 बजे ही खाली करा लिया गया था। इसलिए हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। बाढ़ के पानी से प्लांट की दीवारें ढह गईं और बाद में विस्फोट से भी इसे नुकसान पहुंचा है।

धमाका इतना जोरदार था कि इसका असर आसपास के इलाकों में महसूस किया गया। कई लोगों ने घरों की खिड़कियां टूटने की बात कही है। दूर तक इससे उठीं लपटें भी देखी जा सकती थीं। इसकी आवाज सुनकर लोगों को लगा कि कहीं परमाणु हमला तो नहीं हो गया।

**कई इलाकों में बाढ़ का कोहराम**

चीन के मध्य हेनान प्रांत में बाढ़ संबंधी घटनाओं में कम से कम 12 लोगों की मौत हुई है और करीब एक लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। इससे पहले शेयर किए गए एक वीडियो में दिखाया गया कि एक मेट्रो ट्रेन बाढ़ के पानी से भर गई और यात्रियों के गले तक पानी आ गया। वहीं, चीन के दक्षिण ग्वांगदोंग प्रांत में पिछले हफ्ते से एक निर्माणाधीन स्थल की बाढ़ग्रस्त सुरंग में फंसे 13 मजदूरों की मौत हो गई।

## संयुक्त राष्ट्र में भारत की तारीफ, अध्यक्ष ने शांति और सुरक्षा पर सराहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष वोल्कन बोज्किर ने अगस्त में सुरक्षा परिषद की भारत की अध्यक्षता के दौरान किए जाने वाले समृद्ध कार्यों के लिए देश की प्रशंसा की। इन कार्यों में समुद्री सुरक्षा, शांति रक्षा और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को आतंकवाद से होने वाले खतरों पर उच्च स्तरीय चर्चा शामिल होगी। बोज्किर ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति के साथ समन्वय बैठक की। तिरुमूर्ति अगस्त महीने के लिए सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष होंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 75वें सत्र के अध्यक्ष के कार्यालय से जारी बयान के अनुसार, तिरुमूर्ति ने बोज्किर को 15 देशों की परिषद की भारत की अध्यक्षता के दौरान होने वाली मुख्य गतिविधियों की जानकारी दी। इन गतिविधियों का ध्यान समुद्री सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और शांति रक्षा के साथ ही आतंकवादी कृत्यों से अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को होने वाले खतरों पर उच्च स्तरीय चर्चा पर केंद्रित होगा।